कार्यालय जिलाधिकारी, बागेश्वर

पत्रांक 1070 / GIS Cell /विज्ञप्ति/2018 दिनाक 4 अगस्त 2018

विज्ञप्ति (Walk in Interview)

शासनादेश संख्या 16/XXVI/दो(20)/2004 टी0सी0 दिनांक 08 जून, 2018 के कम में जनपद बागेश्वर के विकास भवन परिसर मे स्थापित भौगोलिक सूचना प्रणाली (Geographic Information System) GIS Cell के संचालन हेतु निम्न शैक्षिक योग्यता एवं अनुभव रखने वाले मानव संसाधनों की सीमित समयावधि (01वर्ष) हेतु रिक्त पद (संविदा) के सापेक्ष **दिनांक 17 अगस्त, 2018 को प्रातः 10:30 बजे विकास भवन सभागार बागेश्वर में <u>Walk in Interview</u>** प्रस्तावित है:-

क0 सं0	पद का नाम	पदों की संख्या	शैक्षिक योग्यता/ कार्य अनुभव	मानदेय/वेतन प्रतिमाह रू0
1	**GIS Analyst**	**01**	**M.Sc. (Remote Sensing and GIS/M.Sc. with P.G. Diploma in RS & GIS with One year experience)**	**30,000/per month**
2	**GIS Technician**	**01**	**M.Sc (Remote Sensing and GIS/P.G. diploma in RS & GIS)**	**20,000/per month**

अतः अभीष्ट शैक्षिक योग्यता एवं अनुभव रखने वाले अभ्यर्थी निम्नलिखित दस्तावेजों की मूल प्रति एवं एक स्वप्रमाणित छायाप्रति सहित चयन समिति के समक्ष साक्षात्कार हेतु उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

1. पद हेतु आवेदक का बायोडॉटा दो पासपोर्ट साइज फोटो सहित, आधारकार्ड अथवा अधिकृत पहचान पत्र जो बायोडाटा के साथ संलग्न हों।
2. शैक्षिक योग्यता प्रमाण-पत्र हाईस्कूल से परास्नातक अथवा समकक्ष।
3. तकनीकी योग्यता प्रमाण-पत्र एवं प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र।
4. कार्यानुभव प्रमाण-पत्र ।
5. दो राजपत्रित अधिकारियों से निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र।
6. चयन प्रकिया साक्षात्कार/प्रयोगात्मक ज्ञान आंकलन के आधार पर संपादित की जाएगी इस सम्बन्ध में चयन समिति का निर्णय अन्तिम होगा।

नोट- कार्मिक अनुभाग-2 के शासनादेश सं0 111(1)/XX(2)/2018-30(12)/2018 दिनांक 27-4-2018 के अनुसार पद पूर्णतः अस्थाई, सीमित समयावधि (01वर्ष) एवं कार्यक्रम आधारित है, उक्त शासनादेश में निहित प्राविधानों के अन्तर्गत किसी भी प्रकार का स्थायीकरण का दावा मान्य नहीं होगा। साक्षात्कार में उपस्थित होने का कोई यात्रा भत्ता आवेदक को देय नही होगा। आवेदक उपरोक्त में से एक अथवा दोनों पदों हेतु साक्षात्कार दे सकता है ।

(रंजना राजगुरू)
जिलाधिकारी,
बागेश्वर।

प्रतिलिपि- जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, बागेश्वर को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उपरोक्त विज्ञप्ति को एन0आई0सी0 की वैबसाईट पर प्रकाशित करना सुनिश्चित करें।

04/08/18

जिलाधिकारी,
बागेश्वर।